अत: संस्था द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण एवं प्रबंधकीय विधान का पालन न करने के कारण मैं, संजय दलेला, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 18 अगस्त, 2003 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपको अवसर प्रदान करता हूं कि आप उपरोक्त आरोपों के लिये सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 21 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा, कि आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार है. तदानुसार विधि अनुरूप निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 18 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

(166-R)

''कारण बताओ सूचना-पत्र''

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रबंधक,

सर्वोदय मत्स्यद्योग सहकारी संस्था मर्या., तिघरा,

जिला ग्वालियर.

सर्वोदय मत्स्यद्योग सहकारी संस्था मर्या., तिघरा, जिला ग्वालियर जिसका पंजीयन क्रमांक ए.आर./62, दिनांक 27 जनवरी, 1976 है, के संबंध में अभिलेखों के आधार पर संस्था लगातार अकार्यशील है तथा मध्यप्रदेश सहकारी अधिनियम एवं नियम-1962 में वर्णित प्रावधान अनुसार असफल रही है.

अत: संस्था द्वारा अपने रजिस्ट्रीकरण एवं प्रबंधकीय विधान का पालन न करने के कारण मैं, संजय दलेला, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 18 अगस्त, 2003 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर आपको अवसर प्रदान करता हूं कि आप उपरोक्त आरोपों के लिये सूचना-पत्र आमसभा में सदस्यों के समक्ष रखकर निर्णय लेकर 30 दिवस के अन्दर अपना उत्तर प्रस्तुत करें, कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाया जावे. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 21 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रमाणों सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. निर्धारित समयावधि में उत्तर अथवा पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं किये जाने से यह माना जावेगा, कि आपको उपरोक्त आरोप स्वीकार है. तदानुसार विधि अनुरूप निर्णय लिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 18 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

संजय दलेला,
उपायुक्त (सहकारिता).

(166-S)

कार्यालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन

उज्जैन, दिनांक 09 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./विधि./2016/159.— मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ 3-3/2012/15-1, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर, 2015 एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/भूविअ/1/2015/349, दिनांक 09 नवम्बर, 2015 से दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., शाजापुर (पंजीयन क्रमांक 98, दिनांक 12 मार्च, 1963) को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/विधि/2016/17, दिनांक 07 जनवरी, 2016 जारी किया गया था. उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में बैंक के अकार्यशील होने तथा ऋण व्यवसाय बंद होने एवं बैंक के संचित हानि में होने के कारण परिसमापन में लाने के संबंध में जवाब चाहा जाकर अपने पक्ष समर्थन/व्यक्तिगत सुनवाई हेतु मय रिकार्ड के नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होने हेतु आहूत किया गया. नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक महाप्रबंधक द्वारा कारण बतओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने की माँग की गई. उन्हें पुनः आगामी दिनांक 08 फरवरी, 2016 तक प्रत्युत्तर, प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया नियत दिनांक 08 फरवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर युक्तियुक्त एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, क्योंकि उत्तर में बैंक के ऋण व्यवसाय बंद होने एवं विगत वर्षों से बैंक के करोड़ों रुपये की संचित हानि में होने के बारे में समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया. परिणाम स्वरूप, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., शाजापुर द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (ए/क) 69 (2) (सी/ग) एवं 69 (2) (डी/घ) का पालन नहीं किये जाने के कारण परिसमापन में लाया जाना विधि अनुसार आवश्यक है.

अतः मैं, व्ही. पी. मारण, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2-2010-पन्द्रह-1-बी, भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर, 2010 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., शाजापुर को परिसमापन में लाता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर को बैंक का परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल बैंक का चार्ज प्राप्त कर संस्था की आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 03 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

यह आदेश आज दिनांक 09 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है .

(167)

उज्जैन, दिनांक 09 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./विधि./2016/160.— मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ 3-3/2012/15-1, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर, 2015 एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/भूविअ/1/2015/349, दिनांक 09 नवम्बर, 2015 से दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., देवास (पंजीयन क्रमांक 70, दिनांक 01 जुलाई, 1962) को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/विधि/2016/13, दिनांक 07 जनवरी, 2016 जारी किया गया था. उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में बैंक के अकार्यशील होने तथा ऋण व्यवसाय बंद होने एवं बैंक के संचित हानि में होने के कारण परिसमापन में लाने के संबंध में जवाब चाहा जाकर अपने पक्ष समर्थन/व्यक्तिगत सुनवाई हेतु मय रिकार्ड के नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होने हेतु आहूत किया गया. नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक महाप्रबंधक द्वारा कारण बतओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने की माँग की गई. उन्हें पुनः आगामी दिनांक 08 फरवरी, 2016 तक प्रत्युत्तर, प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया नियत दिनांक 08 फरवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर युक्तियुक्त एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, क्योंकि उत्तर में बैंक के ऋण व्यवसाय बंद होने एवं विगत वर्षों से बैंक के करोड़ों रुपये की संचित हानि में होने के बारे में समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया. परिणाम स्वरूप, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., देवास द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (ए/क) 69 (2) (सी/ग) एवं 69 (2) (डी/घ) का पालन नहीं किये जाने के कारण परिसमापन में लाया जाना विधि अनुसार आवश्यक है.

अतः मैं, व्ही. पी. मारण, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2-2010-पन्द्रह-1-बी, भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर, 2010 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए

जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., देवास को परिसमापन में लाता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास को बैंक का परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल बैंक का चार्ज प्राप्त कर संस्था की आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 03 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

यह आदेश आज दिनांक 09 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है .

(167-A)

उज्जैन, दिनांक 09 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./विधि./2016/161.— मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ 3-3/2012/15-1, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर, 2015 एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/भूविअ/1/2015/349, दिनांक 09 नवम्बर, 2015 से दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 74, दिनांक 25 फरवरी, 1962) को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/विधि/2016/14, दिनांक 07 जनवरी, 2016 जारी किया गया था. उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में बैंक के अकार्यशील होने तथा ऋण व्यवसाय बंद होने एवं बैंक के संचित हानि में होने के कारण परिसमापन में लाने के संबंध में जवाब चाहा जाकर अपने पक्ष समर्थन/व्यक्तिगत सुनवाई हेतु मय रिकार्ड के नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होने हेतु आहूत किया गया. नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक महाप्रबंधक द्वारा कारण बतओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने की माँग की गई. उन्हें पुनः आगामी दिनांक 08 फरवरी, 2016 तक प्रत्युत्तर, प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया नियत दिनांक 08 फरवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर युक्तियुक्त एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, क्योंकि उत्तर में बैंक के ऋण व्यवसाय बंद होने एवं विगत वर्षों से बैंक के करोड़ों रुपये की संचित हानि में होने के बारे में समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया. परिणाम स्वरूप, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., उज्जैन द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (ए/क) 69 (2) (सी/ग) एवं 69 (2) (डी/घ) का पालन नहीं किये जाने के कारण परिसमापन में लाया जाना विधि अनुसार आवश्यक है.

अतः मैं, व्ही. पी. मारण, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2-2010-पन्द्रह-1-बी, भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर, 2010 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., उज्जैन को परिसमापन में लाता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन को बैंक का परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल बैंक का चार्ज प्राप्त कर संस्था की आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 03 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

यह आदेश आज दिनांक 09 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है .

(167-B)

उज्जैन, दिनांक 09 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./विधि./2016/162.— मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ 3-3/2012/15-1, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर, 2015 एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/भूविअ/1/2015/349, दिनांक 09 नवम्बर, 2015 से दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., मंदसौर (पंजीयन क्रमांक 65, दिनांक 20 नवम्बर, 1961) को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/विधि/2016/17, दिनांक 07 जनवरी, 2016 जारी किया गया था. उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में बैंक के अकार्यशील होने तथा ऋण व्यवसाय बंद होने एवं बैंक के संचित हानि में होने के कारण परिसमापन में लाने के संबंध में जवाब चाहा जाकर अपने पक्ष समर्थन/व्यक्तिगत सुनवाई हेतु मय रिकार्ड के नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होने हेतु आहूत किया गया. नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक महाप्रबंधक द्वारा कारण बतओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने की माँग की गई. उन्हें पुनः आगामी दिनांक 08 फरवरी, 2016 तक प्रत्युत्तर, प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया नियत दिनांक 08 फरवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर युक्तियुक्त एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, क्योंकि उत्तर में बैंक के ऋण व्यवसाय बंद होने एवं विगत वर्षों से बैंक के करोड़ों रुपये की संचित

हानि में होने के बारे में समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया. परिणाम स्वरूप, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., मंदसौर द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (ए/क) 69 (2) (सी/ग) एवं 69 (2) (डी/घ) का पालन नहीं किये जाने के कारण परिसमापन में लाया जाना विधि अनुसार आवश्यक है.

अत: मैं, व्ही. पी. मारण, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2-2010-पन्द्रह-1-बी, भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर, 2010 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., मंदसौर को परिसमापन में लाता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला मंदसौर को बैंक का परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल बैंक का चार्ज प्राप्त कर संस्था की आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 03 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

यह आदेश आज दिनांक 09 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है .

(167-C)

उज्जैन, दिनांक 09 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) एवं 70 (1) के अन्तर्गत]

क्र./विधि./2016/163.— मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक/एफ 3-3/2012/15-1, भोपाल, दिनांक 21 अक्टूबर, 2015 एवं आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/भूविअ/1/2015/349, दिनांक 09 नवम्बर, 2015 से दिये गये निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., रतलाम (पंजीयन क्रमांक 77, दिनांक 25 फरवरी, 1962) को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/विधि/2016/16, दिनांक 07 जनवरी, 2016 जारी किया गया था. उक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में बैंक के अकार्यशील होने तथा ऋण व्यवसाय बंद होने एवं बैंक के संचित हानि में होने के कारण परिसमापन में लाने के संबंध में जवाब चाहा जाकर अपने पक्ष समर्थन/व्यक्तिगत सुनवाई हेतु मय रिकार्ड के नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होने हेतु आहूत किया गया. नियत दिनांक 18 जनवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक महाप्रबंधक द्वारा कारण बतओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने हेतु समयावधि बढ़ाने की माँग की गई. उन्हें पुन: आगामी दिनांक 08 फरवरी, 2016 तक प्रत्युत्तर, प्रस्तुत करने हेतु समय दिया गया नियत दिनांक 08 फरवरी, 2016 को उपस्थित होकर बैंक द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रत्युत्तर युक्तियुक्त एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, क्योंकि उत्तर में बैंक के ऋण व्यवसाय बंद होने एवं विगत वर्षों से बैंक के करोड़ों रुपये की संचित हानि में होने के बारे में समाधानकारक उत्तर नहीं दिया गया. परिणाम स्वरूप, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., रतलाम द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (ए/क) 69 (2) (सी/ग) एवं 69 (2) (डी/घ) का पालन नहीं किये जाने के कारण परिसमापन में लाया जाना विधि अनुसार आवश्यक है.

अत: मैं, व्ही. पी. मारण, संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2-2010-पन्द्रह-1-बी, भोपाल, दिनांक 23 अक्टूबर, 2010 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., रतलाम को परिसमापन में लाता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अंतर्गत उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला रतलाम को बैंक का परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल बैंक का चार्ज प्राप्त कर संस्था की आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 03 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

यह आदेश आज दिनांक 09 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है .

व्ही. पी. मारण,
संयुक्त-पंजीयक.

(167-D)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, जिला उज्जैन

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी/ग) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/330.—इस कार्यालय द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (बी/ख) (सी/ग) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया जाकर निम्नलिखित संस्थाओं को सूचित किया गया था कि क्यों न मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाये:-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक
1.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., बामोरा, तहसील उज्जैन	675/28-05-1984
2.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गावड़ी, तहसील उज्जैन	1506/03-05-1999

कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित कारणों का जवाब व्यक्तिगत सुनवाई हेतु नियत दिनांक 13 जनवरी, 2016 पर संस्था की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तथा प्रेषित जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया. वर्तमान में संस्था अकार्यशील होकर बंद हैं एवं संस्था के संचालक मण्डल का निर्वाचन नहीं करवाना, उद्देश्यानुसार कार्य नहीं करना, स्पष्ट करता है कि संस्था के पदाधिकारीगण संस्था का संचालन करने में उदासीन है.

अत: मैं, डॉ. मनोज जायसवाल, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69(2) (क/ग) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित संस्थाओं को परिसमापन में लाता हूँ. तथा अधिनियम की धारा-70 (1) के अंतर्गत संस्था के नाम के सम्मुख में उल्लेखित अधिकारियों को आगामी आदेश तक परिसमापक नियुक्त करता हूँ. परिसमापक तत्काल संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट दो प्रतियों में कार्यालय को प्रेषित करें एवं संस्था के आस्तियों एवं दायित्वों का नियमानुसार निराकरण कर 3 माह में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करें:—

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक	परिसमापक का नाम व पद
1.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., बामोरा, तहसील उज्जैन.	675/28-05-1984	श्री एन. के. अड़ानिया उप-अंकेक्षक.
2.	दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गावड़ी, तहसील उज्जैन.	1506/03-05-1999	श्री एन. के. अड़ानिया उप-अंकेक्षक.

यह आदेश आज दिनांक 05 फरवरी, 2016 को कार्यालयीन मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया.

मनोज जायसवाल,
उप-पंजीयक.

(168)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर

शाजापुर, दिनांक 13 जनवरी, 2016

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंध कार्यकारणी समिति,

द्वारा प्रशासक संत रविदास सहकारी मुद्रणालय सहकारी संस्था मर्या.,

शाजापुर, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर.

पंजीयन क्रमांक 1053, दिनांक 13 सितम्बर, 2011, जिला शाजापुर.

विषय:- मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र.

क्र./परि./2016/42.—विषयान्तर्गत निम्न बिन्दुओं के आधार पर क्यों न आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जावें :-

1. संस्था गत वर्ष से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्धेश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

अत: मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1960 की धारा-69 (3) एवं सहकारिता विभाग की ज्ञापन क्रमांक/एफ/5-1-1999/पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह अपेक्षा करती हूँ कि इस सूचना-पत्र प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 15 फरवरी, 2016 को कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर पक्ष समर्थन कर सकते हैं.

यदि उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व संस्था द्वारा समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह माना जाकर कि आपको उपरोक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोप स्वीकार हैं. आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जा सकेगा.

(169)

शाजापुर, दिनांक 13 जनवरी, 2016

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंध कार्यकारणी समिति,

द्वारा प्रशासक शाजापुर सहकारी मुद्रणालय सहकारी संस्था मर्या.,

शाजापुर, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर.

पंजीयन क्रमांक 720, दिनांक 11 जून, 1999, जिला शाजापुर.

विषय:- मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र.

क्र./परि./2016/43.—विषयान्तर्गत निम्न बिन्दुओं के आधार पर क्यों न आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जावें :-

1. संस्था गत वर्ष से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्धेश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

अत: मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1960 की धारा-69 (3) एवं सहकारिता विभाग की ज्ञापन क्रमांक/एफ/5-1-1999/पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह अपेक्षा करती हूँ कि इस सूचना-पत्र प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 15 फरवरी, 2016 को कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर पक्ष समर्थन कर सकते हैं.

यदि उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व संस्था द्वारा समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह माना जाकर कि आपको उपरोक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोप स्वीकार हैं. आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जा सकेगा.

(169-A)

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंध कार्यकारणी समिति,

द्वारा प्रशासक महांकाल बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या.,

बागौदा, तहसील कालापीपल, जिला शाजापुर.

पंजीयन क्रमांक 1197, दिनांक 25 फरवरी, 2015, जिला शाजापुर.

विषय:- मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र.

विषयान्तर्गत निम्न बिन्दुओं के आधार पर क्यों न आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जावें :-

1. संस्था सदस्य संस्था चलाने के इच्छुक नहीं हैं.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्धेश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

अत: मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1960 की धारा-69 (3) एवं सहकारिता विभाग की ज्ञापन क्रमांक/एफ/5-1-1999/पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह अपेक्षा करती हूँ कि इस सूचना-पत्र प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 07 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर पक्ष समर्थन कर सकते हैं.

यदि उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व संस्था द्वारा समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह माना जाकर कि आपको उपरोक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोप स्वीकार हैं. आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जा सकेगा.

(169-G)

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंध कार्यकारणी समिति,

द्वारा प्रशासक उत्तम बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या.,

तिलावदमैना, तहसील कालापीपल, जिला शाजापुर.

पंजीयन क्रमांक 1145, दिनांक 08 दिसम्बर, 2014, जिला शाजापुर.

विषय:- मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र.

विषयान्तर्गत निम्न बिन्दुओं के आधार पर क्यों न आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जावें :-

1. संस्था सदस्य संस्था चलाने के इच्छुक नहीं हैं.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्धेश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

अत: मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1960 की धारा-69 (3) एवं सहकारिता विभाग की ज्ञापन क्रमांक/एफ/5-1-1999/पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुये यह अपेक्षा करती हूँ कि इस सूचना-पत्र प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर चाहते हैं तो दिनांक 07 मार्च, 2016 को कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर पक्ष समर्थन कर सकते हैं.

यदि उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व संस्था द्वारा समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह माना जाकर कि आपको उपरोक्त कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोप स्वीकार हैं. आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जा सकेगा.

(169-H)

कार्यालय उप-आयुक्त, सहकारिता, जिला शाजापुर

आदर्श महिला साख सहकारी संस्था, घुंसी, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-16, दिनांक 07 फरवरी, 2014 को अकार्यशील होने के कारण मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2015/1355, शाजापुर, दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 जारी किया गया था. क्यों न संस्था को सूचना-पत्र में दर्शाये कारणों से परिसमापन में

लाया जाये. कारण बताओ सूचना-पत्र में निम्न बिन्दु नियत की किये गये थे.—

1. संस्था गत तीन वर्षों से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही है.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

इस प्रकार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी) का उल्लंघन किया गया है. संस्था को रजिस्टर्ड डाक से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से नियत समयावधि में उत्तर प्रेषित करने हेतु लिखा गया था.

संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि 11 जनवरी, 2016 को समाप्त हो जाने के पश्चात् आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को परिसमापन में लाये जाने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है. अतः संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित है.

अतः मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) एवं 70 (1) के अन्तर्गत तथा मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा पंजीयक की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आदर्श महिला साख सहकारी संस्था, घुंसी, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-16, दिनांक 07 फरवरी, 2014 को आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 से परिसमापन में लाती हूँ तथा श्री अशोक बोहरा, स.नि. को उपरोक्त संस्था का परिसमापक नियुक्त करती हूँ. परिसमापक एक सप्ताह में संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट की एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा अंतिम प्रतिवेदन नियमानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(169-B)

दीनदयाल सहकारी मुद्रणालय एवं बाईन्डर्स, शाजापुर, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-902, दिनांक 16 दिसम्बर, 2014 को अकार्यशील होने के कारण मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2015/1325, शाजापुर, दिनांक 16 नवम्बर, 2015 जारी किया गया था. क्यों न संस्था को सूचना-पत्र में दर्शाये कारणों से परिसमापन में लाया जाये. कारण बताओ सूचना-पत्र में निम्न बिन्दु नियत की किये गये थे.—

1. संस्था गत तीन वर्षों से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही है.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

इस प्रकार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी) का उल्लंघन किया गया है. संस्था को रजिस्टर्ड डाक से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से नियत समयावधि में उत्तर प्रेषित करने हेतु लिखा गया था.

संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि 11 जनवरी, 2016 को समाप्त हो जाने के पश्चात् आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को परिसमापन में लाये जाने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है. अतः संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित है.

अतः मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) एवं 70 (1) के अन्तर्गत तथा मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा पंजीयक की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये दीनदयाल सहकारी मुद्रणालय एवं बाईन्डर्स, शाजापुर, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-902, दिनांक 16 दिसम्बर, 2014 को आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 से परिसमापन में लाती हूँ तथा श्री एन. एस. भाटी, अंकेक्षण अधिकारी को उपरोक्त संस्था का परिसमापक नियुक्त करती हूँ. परिसमापक एक सप्ताह में संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट की एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा अंतिम प्रतिवेदन नियमानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(169-C)

सरजू महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था, मझानिया, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-687, दिनांक 11 मार्च, 1998 को अकार्यशील होने के कारण मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2015/1360, शाजापुर, दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 जारी किया गया था. क्यों न संस्था को सूचना-पत्र में दर्शाये कारणों से परिसमापन में लाया जाये. कारण बताओ सूचना-पत्र में निम्न बिन्दु नियत की किये गये थे.—

1. संस्था गत तीन वर्षों से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही है.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

इस प्रकार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी) का उल्लंघन किया गया है. संस्था को रजिस्टर्ड डाक से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से नियत समयावधि में उत्तर प्रेषित करने हेतु लिखा गया था.

संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि 11 जनवरी, 2016 को समाप्त हो जाने के पश्चात् आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को परिसमापन में लाये जाने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है. अतः संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित है.

अतः मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) एवं 70 (1) के अन्तर्गत तथा मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा पंजीयक की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सरजू महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था, मझानिया, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-687, दिनांक 11 मार्च, 1998 को आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 से परिसमापन में लाती हूँ तथा श्री नवीन शर्मा, व.स.नि. को उपरोक्त संस्था का परिसमापक नियुक्त करती हूँ. परिसमापक एक सप्ताह में संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट की एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा अंतिम प्रतिवेदन नियमानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(169-D)

माँ भगवती बीज सहकारी संस्था, बोलाई, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-1134, दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को अकार्यशील होने के कारण मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2015/1357, शाजापुर, दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 जारी किया गया था. क्यों न संस्था को सूचना-पत्र में दर्शाये कारणों से परिसमापन में लाया जाये. कारण बताओ सूचना-पत्र में निम्न बिन्दु नियत की किये गये थे.—

1. संस्था गत तीन वर्षों से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.

2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही है.

3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

इस प्रकार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी) का उल्लंघन किया गया है. संस्था को रजिस्टर्ड डाक से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से नियत समयावधि में उत्तर प्रेषित करने हेतु लिखा गया था.

संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि 11 जनवरी, 2016 को समाप्त हो जाने के पश्चात् आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को परिसमापन में लाये जाने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है. अतः संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित है.

अतः मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) एवं 70 (1) के अन्तर्गत तथा मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा पंजीयक की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये माँ भगवती बीज सहकारी संस्था, बोलाई, तहसील शाजापुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-1134, दिनांक 24 नवम्बर, 2014 को आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 से परिसमापन में लाती हूँ तथा श्री एल. पी. जोशी, व.स.नि. को उपरोक्त संस्था का

परिसमापक नियुक्त करती हूँ. परिसमापक एक सप्ताह में संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट की एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा अंतिम प्रतिवेदन नियमानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 01 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(169-E)

शाजापुर, दिनांक 04 फरवरी, 2016

क्र./परि./2016/134.—सरदार पटेल मेडिकल सहकारी संस्था मर्या., शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-1067, दिनांक 20 जून, 2012 को अकार्यशील होने के कारण मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्रमांक/परिसमापन/2016/1356, शाजापुर, दिनांक 09 दिसम्बर, 2015 जारी किया गया था. क्यों न संस्था को सूचना-पत्र में दर्शाये कारणों से परिसमापन में लाया जाये. कारण बताओ सूचना-पत्र में निम्न बिन्दु नियत की किये गये थे.—

1. संस्था गत तीन वर्षों से अकार्यशील है तथा कार्यशील होने की कोई संभावना नहीं है.
2. संस्था द्वारा अपनी पंजीकृत उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों की पूर्ति नहीं की जा रही है.
3. संस्था प्रशासक द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने एवं पंजीयन निरस्त करने हेतु लिखित आवेदन किया गया है.

इस प्रकार संस्था द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) (सी) का उल्लंघन किया गया है. संस्था को रजिस्टर्ड डाक से कारण बताओ सूचना-पत्र के माध्यम से नियत समयावधि में उत्तर प्रेषित करने हेतु लिखा गया था.

संस्था द्वारा निर्धारित समयावधि 11 जनवरी, 2016 को समाप्त हो जाने के पश्चात् आज दिनांक तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को परिसमापन में लाये जाने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है. अतः संस्था को परिसमापन में लाया जाना उचित है.

अतः मैं, मीना डाबर, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) एवं 70 (1) के अन्तर्गत तथा मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा पंजीयक की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये सरदार पटेल मेडिकल सहकारी संस्था मर्या., शुजालपुर, तहसील शुजालपुर, जिला शाजापुर, पंजीयन क्रमांक-1067, दिनांक 20 जून, 2012 को आज दिनांक 04 फरवरी, 2016 से परिसमापन में लाती हूँ तथा श्री आर. सी. बीजापारी, व.स.नि. को उपरोक्त संस्था का परिसमापक नियुक्त करती हूँ. परिसमापक एक सप्ताह में संस्था का सम्पूर्ण चार्ज प्राप्त कर चार्ज लिस्ट की एक प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें तथा अंतिम प्रतिवेदन नियमानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें.

यह आदेश आज दिनांक 04 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

मीना डाबर,
उप-पंजीयक.

(169-F)

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, छिन्दवाड़ा

छिन्दवाड़ा, दिनांक 12 फरवरी, 2016

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

क्र./उ.प.छि./परि./2016/291.—प्रभारी क्षे. सं. दुग्ध सहकारी संघ, जबलपुर, जिला कार्यालय छिन्दवाड़ा का पत्र क्रमां/1020/क्षे.संघ/दुग्ध संघ/छिन्दवाड़ा/2015, दिनांक 24 नवम्बर, 2015 के द्वारा अवगत कराया गया है कि, निम्न दुग्ध सहकारी संस्थाएं विगत 2 वर्षों से अकार्यशील एवं बंद हैं, उनके द्वारा आमसभा नहीं कराई गई है. संस्थाएं निम्नानुसार हैं:—

क्रमांक	नाम समिति	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	विकासखण्ड
1	2	3	4
1.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., टेमनीकला	364/24-01-1992	मोहखेड़
2.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., पालाखेड	738/03-08-2011	मेहखेड़

1	2	3	4
3.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., तालपिपरिया	583/17-06-1998	मोहखेड़
4.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., बडचिचोली	750/16-03-2012	पॉडुर्णा
5.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., सेंदुरजना	791/28-04-2012	पॉडुर्णा
6.	दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्या., समसवाडा	461/20-12-1994	चौरई

अत: मैं, अनीता उइके, उप-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियां जो मुझमें वेष्ठित हैं, का प्रयोग करते हुये उपरोक्त समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के तहत् कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करती हूँ कि उपरोक्तानुसार संस्था विगत 2 वर्षों से अकार्यशील है. अत: क्यों न संस्था को परिसमापन में लाये जाने के आदेश जारी कर दिये जावें, यदि संस्था इस संबंध में अपना पक्ष समर्थन दिनांक 02 मार्च, 2016 तक चाहती है तो वह इस कारण बताओ सूचना-पत्र का युक्तियुक्त उत्तर प्रस्तुत करें. यदि संस्था ने निर्धारित समयावधि में उत्तर नहीं दिया तो यह माना जावेगा कि उसे इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, तदानुसार मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत उक्त संस्थाओं के परिसमापन आदेश जारी कर दिये जावेंगे.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 12 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

अनीता उइके,
उप-रजिस्ट्रार.

(170)

कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

प्रति,

अध्यक्ष/संचालक मंडल,

मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्या., गोठनिया.

यहकि मत्स्य पालन सहकारी संस्था मर्या., गोठनिया, विकासखण्ड पेटलावद, जिला झाबुआ का पंजीयक क्र. JBA 1116, दिनांक 08 जुलाई, 2014 है, के द्वारा संस्था के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है तथा संस्था विगत कई वर्षों से अकार्यशील है. उक्त तथ्य की जानकारी संस्था के अंकेक्षक में प्रस्तुत प्रतिवेदनों से स्पष्ट हुई है. ऐसी स्थिति में संस्था के अस्तित्व को बनाये रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है क्योंकि संस्था निम्नानुसार कार्य करने में असफल रही है:—

1. संस्था द्वारा उपविधियों में उल्लेखित उद्देश्यों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है.
2. संस्था का संचालक मंडल संस्था के निर्वाचन कराने में कोई रुचि नहीं ले रहा है.
3. संस्था द्वारा विगत वर्षों से न तो संचालक मंडलों की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है एवं न ही आमसभा का आयोजन किया जा रहा है.
4. पंजीयन दिनांक से संस्था अकार्यशील है.
5. ऑडिट नोट में संस्था को अवर्गीकृत में रखा गया है.
6. संस्था द्वारा नियत समयावधि में वित्तीय पत्र, पत्रक प्रस्तुत नहीं किये गये हैं.

उपरोक्त कारणों से मुझे यह समाधान हो गया है कि संस्था विधि अनुकूल कार्य करने में असमर्थ होने से उसे परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अत: मैं, जी. एल. बडोले, उप-आयुक्त, सहकारिता, जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं, अधिकारों का प्रयोग करते हुये मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करता हूँ कि उपरोक्त दर्शित कारणों से क्यों न संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर अधिनियम की धारा-70 (1) के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया जावे.

कारण बताओ सूचना-पत्र के संबंध में संस्था का संचालक मंडल अपना प्रतिउत्तर/पक्ष पन्द्रह दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं. यदि वे व्यक्तिगत सुनवाई चाहते हैं तो दिनांक 05 फरवरी, 2016 को दोपहर 12 बजे मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत अवधि में कारण बताओ सूचना-पत्र का प्रतिउत्तर/पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जावेगा कि संचालक मंडल को अपने बचाव पक्ष में कुछ नहीं कहना है तथा उन्हें कारण बताओ सूचना-पत्र में उल्लेखित आरोप स्वीकार हैं या प्रतिउत्तर समाधान कारक नहीं पाये जाने पर उक्तानुसार आदेश पारित कर दिया जावेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20 जनवरी, 2016 को जारी किया गया है.

जी. एल. बडोले,

(171) उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक.

कार्यालय परिसमापक एवं उप-अंकेक्षक , सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ

झाबुआ, दिनांक 11 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 के नियम-57 (सी) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/Q1.—सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ के आदेश क्र./परि./15/440, झाबुआ, दिनांक 29 सितम्बर, 2015 के अनुसार निम्न सहकारी समितियों का जिनके नाम व पंजीयन दिनांक व आदेश क्रमांक का उल्लेख किया गया है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-7 रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियाँ अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत मुझे निम्नांकित समितियों का परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्र.	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांक व दिनांक
1	2	3	4
1.	अन्नपूर्णा बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., थेथम	1055/02-09-2010	213/12,18-03-2014
2.	बाबा गणेश बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., नलटीछेदी	1063/30-09-2010	213/13,18-03-2014
3.	दुर्गेश्वरी सहकारी साख संस्था मर्या., पारा	993/05-06-2004	213/05,18-03-2014

अत: मैं, विनोद कुमार रावल, परिसमापक व उप-अंकेक्षक, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (सी) के अन्तर्गत यह सूचना प्रसारित करता हूँ कि उपरोक्त संस्थाओं के सम्बन्ध में कोई दावा या आपत्ति या रिकार्ड हो तो इस सूचना-पत्र के जारी होने के दिनांक से 2 माह के अन्दर मुझे कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला झाबुआ में मय प्रमाण के लिखित में प्रस्तुत करें, उक्त समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावे और आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और संस्था के परिसमापन की वैध कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त हेतु अंतिम प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया जावेगा.

यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सहकारी संस्थाओं के पूर्व कर्मचारी/सदस्यों/पदाधिकारियों के पास कोई रिकार्ड, परिसम्पत्ति या नगदी हो तो उसे भी उपरोक्त अवधि में मेरे पास जमा करावें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी.

विनोद कुमार रावल,

(176) परिसमापक एवं उप-अंकेक्षक.

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, होशंगाबाद

होशंगाबाद, दिनांक 06 जनवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/94.—परिसमापन समिति दुर्गा बीज क्रय-विक्रय सहकारी समिति मर्या., रैपुरा, पंजीयन क्रमांक 2987, दिनांक 04 अगस्त, 2008 को कार्यालयीन आदेश क्रमांक/परिसमापन/337, दिनांक 07 मार्च, 2015 द्वारा परिसमापन में लाया जाकर श्री जी. पी. उहारगे को परिसमापक नियुक्त किया गया. संशोधित आदेश से श्री जी. पी. गैहलोत को परिसमापक नियुक्त किया.

परिसमापक द्वारा दिनांक 26 जुलाई, 2015 को संस्था के सदस्यों की विशेष आमसभा आयोजित कर संस्था के कार्य संचालन एवं पुनर्जीवित

करने हेतु सदस्यों से चर्चा कर विधिवत्/ठहराव पारित किया गया उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया. परिसमापक द्वारा प्रस्ताव/ठहराव संलग्न कर संस्था को पुनर्जीवित करने हेतु अनुशंसा की गई है, साथ ही नामांकित संचालक मंडल के नाम प्रस्तावित किये हैं. मेरी राय में संस्था का अस्तित्व में बनाये रखना उचित है. तद्नुसार प्रस्ताव से सहमत होते हुये मैं, के. पाटनकर, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, होशंगाबाद मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये दुर्गा बीज क्रय-विक्रय सहकारी समिति मर्या., रैपुरा, पंजीयन क्रमांक 2987, दिनांक 04 अगस्त, 2008 को परिसमापन में लाने के आदेश क्रमांक/परिसमापन/2015 337, दिनांक 07 मार्च, 2015 को समाप्त कर संस्था को पुनर्जीवित करता हूँ. संस्था के कार्य संचालन हेतु नामांकित मंडल का अनुमोदन किया जाता है :—

क्रमांक	नाम	पद
1	2	3
1.	श्री योगेन्द्र दुबे/डालचंद दुबे	अध्यक्ष
2.	श्रीमती लताबाई/फूलचंद	उपाध्यक्ष
3.	श्री राजाराम/छोटेलाल	संचालक
4.	श्री पवन/फूलचंद	संचालक
5.	श्री कल्लू/रघुराज	संचालक
6.	श्री नन्हेलाल/कुंजीलाल	संचालक
7.	श्री माखन लाल/भगवानचंद	संचालक
8.	श्री राधेश्याम/फूलचंद	संचालक
9.	श्री रमेश/फूलचंद	संचालक
10.	श्रीमती शांतिबाई/पूरनसिंह	संचालक
11.	श्री उदलसिंह/नेपाल सिंह	संचालक

यह आदेश आज दिनांक 06 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

के. पाटनकर,
उप-पंजीयक.

(172)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी संस्थाएं, पन्ना, जिला पन्ना

पन्ना, दिनांक 02 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57(1) (सी/ग) के अन्तर्गत]

क्र./परि./16/01.—कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, पन्ना, जिला पन्ना मध्यप्रदेश के कार्यालयीन पूर्व आदेशों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नांकित सहकारी संस्थाओं का आदेश क्र./परि./2015/998, पन्ना, दिनांक 31 जुलाई, 2015 द्वारा मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है :-

क्रमांक	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक	परिसमापक नियुक्ति आदेश/दिनांक	संशोधित आदेश क्रमांक/दिनांक
1.	ईंधन आपूर्ति सह. समि. मर्या., रानीपुरा, तह.-पवई.	A.R.P./576,26-12-2003	1453/21-09-2007	998/31-07-2015
2.	आदि. खनिज एवं वनो. सह. समि. मर्या., मनौर, तह.-पन्ना.	A.R.P./282,05-03-1987	1866/24-11-2000	998/31-07-2015
3.	आदि. मत्स्य सह. समि. मर्या., कटरा, तह.-पन्ना	A.R.P./360,03-01-1995	1278/31-12-2010	998/31-07-2015
4.	हरिजन मत्स्य सह. समि. मर्या., खपटहा, तह.-देवेन्द्रनगर.	A.R.P./366,08-04-1996	1290/31-12-2010	998/31-07-2015
5.	ग्राम स्त. महिला बहुउ. सह. समि. मर्या., घंटारी तह.-गुनौर.	A.R.P./580,22-01-2004	663/18-06-2009	998/31-07-2015

उक्त सहकारी संस्थाओं का पूर्व परिसमापक/अध्यक्ष/सचिव आदि द्वारा मुझे किसी भी प्रकार का कोई भी रिकार्ड, दस्तावेज आदि का चार्ज प्राप्त नहीं हुआ है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 (17 वां) सन् 1961 की धारा-71 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (1) सी/ग के अंतर्गत यह सूचना प्रकाशित करता हूँ कि, उक्त समितियों के विरूद्ध जो भी लेनदारी हो, प्रमाण सहित अपने दावे आदि यदि कोई हों, तो इस सूचना प्रकाशित होने के दो माह की अवधि में मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, उक्त अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावों पर कोई उजरदारी मान्य नहीं होगी और संस्थाओं के उपलब्ध पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदनों में लेखबद्ध समस्त लेनदारियों एवं देनदारियों का उक्त उल्लेखित विधान एवं नियमों के अंतर्गत परिसमापक को विधिवत् प्रस्तुत किया गया ऐसा समझा जावेगा.

यह भी प्रकाशित किया जाता है कि, उपरोक्त लिखित सहकारी समितियों से संबंधित कोई भी कागजात, सामान, देनदारियां आदि किसी भी सदस्य/व्यक्ति के पास हों, तो वे इस सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 1 सप्ताह के अन्दर उल्लेखित कार्यालय में मेरे पास जमा कर देंवे, समयावधि के भीतर कागजात व सामान जमा न करने पर वे जुर्म के भागीदार होंगे तथा मेरे द्वारा संस्था के पंजीयन निरस्ती हेतु अंतिम प्रतिवेदन सहायक पंजीयक, सहकारी समितियां, पन्ना को प्रेषित कर दिया जावेगा.

आर. के. अग्रवाल,
परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक.

(173)

कार्यालय सहायक पंजीयक एवं परिसमापक, जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., पन्ना

पन्ना, दिनांक 17 फरवरी, 2016

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम-57 (सी/ग) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2016/384.—जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक मर्या., पन्ना, जिला पन्ना मध्यप्रदेश जिसका पंजीयन क्रमांक/पी.एन.ए./एच.ओ./73, दिनांक 21 फरवरी, 1962 है को संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं सागर, संभाग सागर मध्यप्रदेश के आदेश क्रमांक/परिसमापन/विधि/2016/163, सागर, दिनांक 29 जनवरी, 2016 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम-1962 के नियम क्रमांक-57 (सी/ग) के अंतर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरूद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन दिनांक से 2 माह के अंदर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखितरूप से प्रस्तुत कर सकते हैं. त्रुटि के दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा एवं संस्था की लेखापुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 17 फरवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

जी. एस. आठिया,
सहायक पंजीयक एवं परिसमापक.

(175)

कार्यालय उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास

देवास, दिनांक 29 जनवरी, 2016

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंधकारिणी समिति,

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पारदीखेड़ा.

द्वारा :- अध्यक्ष/प्रभारी

पंजीयन क्रमांक 1194, दिनांक 31 जनवरी, 2008.

क्र./परि./2016/172.—आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था विगत कई वर्षों से अकार्यशील होकर उसने विधि अनुरूप कार्य करना बंद कर दिया है तथा संस्था का कारोबार प्रस्तुत अंकेक्षण टीप के अनुरूप बंद है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्था अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अंतर्गत इस कारण बताओ सूचना-पत्र के द्वारा सूचित कर निर्देशित किया जाता है कि इस बाबत् लिखित में रिकार्ड के आधार पर मय प्रमाण प्रस्तुत करें कि संस्था कार्यशील होकर संस्था ने कार्य करना बंद नहीं किया है. यदि प्रकरण में व्यक्तिगत सुनवाई चाहते हैं तो दिनांक 15 फरवरी, 2016 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर इस सम्बन्ध में अपना प्रतिउत्तर मय प्रमाण एवं रिकार्ड के प्रस्तुत करें.

यदि उक्त सम्बन्ध में नियत दिनांक को अथवा उसके पूर्व संस्था के कार्यशील होने के सम्बन्ध में उत्तर मय प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया तो यह माना जाकर कि प्रकरण में कोई सुनवाई नहीं चाहते हैं और आपकी संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर परिसमापक की नियुक्ति कर दी जायेगी.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 28 जनवरी, 2016 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है.

(174)

देवास, दिनांक 29 जनवरी, 2016

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

प्रबंधकारिणी समिति,

दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पीवल्याखुर्द.

द्वारा :- अध्यक्ष/प्रभारी

पंजीयन क्रमांक 1404, दिनांक 28 फरवरी, 2014.

क्र./परि./2016/173.—आपको एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था विगत कई वर्षों से अकार्यशील होकर उसने विधि अनुरूप कार्य करना बंद कर दिया है तथा संस्था का कारोबार प्रस्तुत अंकेक्षण टीप के अनुरूप बंद है.

